# एक वर्ष के कार्यकाल में 100 परियोजनाएं पूरी हुईं

संवाददाता, पटना



- 11,500 करोड़ रुपये की 155 से अधिक योजनाओं की स्वीकृति मिली

**उपमुख्यमंत्री**-सह-पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को कहा है कि उनके एक वर्ष के कार्यकाल में विभाग में 11,500 करोड़ रुपये की 155 से अधिक योजनाओं की स्वीकृति मिली है. 100 से अधिक परियोजनाएं पूरी हुईं. लगभग 1540 किमी लंबाई में सड़कों को बेहतर बनाया गया. 2024 में बरसात के समय राज्य में 20 वर्षों से अधिक पुराने कुछ जर्जर पुल क्षतिग्रस्त हुए थे. विभाग में पुलों की मेंटनेंस नीति नहीं थी. यह तैयार हो चुकी है. वर्ष 2025 के बरसात के पहले यह नीति लागू हो जायेगी. इससे पुलों के रख-रखाव को बेहतर किया जा सकेगा. राज्य में एनएच में वृद्धि के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किया जायेगा. उपमुख्यमंत्री ने यह बातें विभागीय समीक्षा बैठक में कहीं.

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पथ निर्माण विभाग के सभी सिंगल लेन एसएच को दो लेन में चौड़ीकरण किये जाने का प्रस्ताव विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है. इस पर शीघ्र कार्रवाई की जायेगी. राज्य में इस समय एसएच की लंबाई करीब 3637 किमी और वृहत जिला पथ की लंबाई करीब 16296 किमी है. विभाग की सड़कों पर से 250 रेलवे समपारों के हटाने व रेलवे ओवर ब्रिज बनाने के लिए रेल मंत्रालय से अनुरोध किया गया है. उपमुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल की बिहार यात्रा में 16000 करोड़ की नयी परियोजना स्वीकृत की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकसित बिहार की परिकल्पना को साकार कर रही है. आगामी विधान सभा चुनाव में बिहार में एनडीए 225 से अधिक सीटों पर विजय प्राप्त करेगी.